पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
————————

राज्यपाल ने बेसिक विद्यालय लाजपत नगर, चौक, लखनऊ का किया निरीक्षण

——————

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को फल व प्रेरणादायी कहानियों की पुस्तकें वितरित की

————————

छात्र–छात्राएं स्वाध्याय व निरंतर अभ्यास पर दें ध्यान

——————

गोमती नदी से नवजात को बचाने वाले साहसी बच्चों से भी विद्यालय में मिली राज्यपाल

– राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 20 सितम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज बेसिक विद्यालय लाजपत नगर, चौक, लखनऊ का निरीक्षण किया। राज्यपाल जी का विद्यालय आगमन पर छात्र–छात्राओं द्वारा अभिनंदन कर स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल जी ने सभी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनसे गणित के सवाल हल करवाये और कविता पाठ भी सुना। राज्यपाल जी ने बच्चों को स्वाध्याय व पाठ का निरंतर अभ्यास तथा समय से रिवीजन हेतु कहा।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कक्षा अध्यापक से बच्चों की उपस्थिति भी जानी और उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि एक शिक्षक को इस बात की जानकारी अवश्य होनी चाहिए कि कौन–सा छात्र या छात्रा पढ़ने में कमजोर है और कौन–सा पढ़ने में ठीक है। यह शिक्षक का दायित्व है कि विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति अभिरूचि पैदा करें। छात्र–छात्राओं से संवाद के क्रम में राज्यपाल महोदया उनकी रूचियों से भी अवगत हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों के ड्राइंग की कॉपियों को भी चेक किया तथा उन्हें अच्छी ड्राइंग के लिए उत्साहवर्द्धन किया। राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों को महापुरूषों की जीवनी, पंचतंत्र व प्रेरणादायी शिक्षाप्रद कहानियों

की पुस्तकें तथा फल वितरित किये और बच्चों को इन पुस्तकों से सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ने को कहा। राज्यपाल जी ने मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया व उसे चखकर उसका स्वाद भी लिया। उन्होंने इस दौरान विद्यालय में साफ–सफाई, नामांकन की स्थिति आदि की भी जानकारी ली।

इस अवसर पर राज्यपाल जी विद्यालय में हाल ही में अपनी बहादुरी से कुड़िया घाट के पास गोमती नदी में एक नवजात को डूबने से बचाने वाले चार बहादुर बच्चों तौसीफ, हसीब, जीशान और गुफरान से भी मिली तथा उनका हालचाल व पढ़ाई–लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान राज्यपाल जी ने बच्चों के अभिभावकों से भी मुलाकात कर उनसे वार्ता की, उनका कुशलक्षेम जाना।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल जी द्वारा इन साहसी बच्चों को राजभवन बुलाकर सम्मानित भी किया गया था तथा राज्यपाल जी की प्रेरणा से ही इन बच्चों का नामांकन समीप के बेसिक विद्यालय लाजपत नगर चौक, लखनऊ में करवाया गया था। राज्यपाल जी ने इन बच्चों के टीकाकरण, परिवार में राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड व केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी, लखनऊ श्री सूर्य पाल गंगवार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अध्यापकगण व छात्र–छात्राएं भी उपस्थित रहे।

———–

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250